# सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली 2024/2026
# (सितंबर 2026 में सेकेंडरी 1 में प्रवेश के लिए)
# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## स्वैच्छिक स्थान

**(1) प्र स्वैच्छिक स्थान (DP) क्या हैं?**

उ DP वह सेकेंडरी 1 (S1) स्थान हैं जो सेकेंडरी स्कूलों द्वारा स्वै-इच्छा से छात्रों के प्रवेश के लिए आरक्षित किए होते हैं। सरकारी, सहायता प्राप्त और कैपुट सेकेंडरी स्कूल अपने 30% से अधिक S1 स्थानों को DP के रूप में आरक्षित नहीं रख सकते हैं, और सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन (SSPA) प्रणाली में भाग लेने वाले डायरेक्ट सब्सिडी योजना (DSS) सेकेंडरी स्कूल अपने S1 स्थानों के 30% से अधिक को DP के रूप में आरक्षित कर सकते हैं।

**(2) प्र DP के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है?**

उ इस चक्र के लिए DP आवेदन अवधि 2 जनवरी (शुक्रवार) से 16 जनवरी 2026 (शुक्रवार) तक है। SSPA प्रणाली (भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूल) में भाग लेने वाले सभी सेकेंडरी स्कूल समान अवधि के भीतर आवेदन स्वीकार करते हैं।

वर्तमान चक्र में भाग लेने वाले प्राइमरी 6 (P6) छात्रों के माता-पिता को दिसंबर 2025 की शुरुआत में अपने बच्चों के प्राइमरी स्कूलों के माध्यम से सेकेंडरी वन स्वैच्छिक स्थान के लिए आवेदन पत्र (Application Form) की दो प्रतियां प्राप्त होंगी। भाग लेने वाले प्राइमरी स्कूलों में ना पढ़नें वाले छात्र शिक्षा ब्यूरो (EDB) के स्कूल स्थान आवंटन अनुभाग से Application Form (vpâ Podium Floor, West Block, Education Bureau Kowloon Tong Education Services Centre, 19 Suffolk Road, Kowloon Tong, Kowloon, दूरभाष: 2832 7740 एवं 2832 7700) 5 दिसंबर 2025 से 16 जनवरी 2026 तक कार्यालय समय के दौरान (सोमवार से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे और दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक; शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर बंद) प्राप्त कर सकते हैं ।

वे माता-पिता जिन्होंने SSPA e-Platform उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत किया है और "iAM Smart +"[1] से अपने खाते को जोड़ा है, SSPA e-Platform के माध्यम से DP आवेदनों को जमा करवा सकते हैं। विभिन्न माता-पिता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए EDB कागजी Application Form उपलब्ध करवाना जारी रखेगा। DP आवेदन जमा करने के विवरण के लिए, माता-पिता को दिसंबर 2025 की शुरुआत में EDB's Homepage पर अपलोड होने वाले सेकेंडरी वन स्वैच्छिक स्थानों के लिए आवेदन पर अभिभावकों के लिए नोट्स को ध्यान से पढ़ना चाहिए ।

भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों की सूचियों के संबंध में, माता-पिता दिसंबर 2025 की शुरुआत में प्राइमरी स्कूलों को वितरित सेकेंडरी वन स्वैच्छिक स्थानों के आवेदन के लिए पुस्तिका (Handbook) का संदर्भ ले सकते हैं। माता-पिता सूचियों को डाउनलोड करने के लिए EDB's Homepage पर भी जा सकते हैं या EDB की 24 घंटे की स्वचालित टेलीफोन पूछताछ प्रणाली 2891 0088 पर (प्रेस 2 (English) > 6 (Fax Services) > 04 (Secondary School Places Allocation System: School Lists)) फ़ैक्स द्वारा सूचियाँ प्राप्त करने के लिए कॉल कर सकते हैं।

---

[1] "iAM Smart+" पंजीकरण के विवरण के लिए, कृपया "iAM Smart" की विषयगत वेबसाइट (www.iamsmart.gov.hk) पर जाएं (चयन करें: Home > "iAM Smart" Registration > Registration Methods)।

**(3) प्र DP स्तर पर माता-पिता अपने बच्चे के लिए कितने सेकेंडरी स्कूलों में आवेदन कर सकते हैं? भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों के दो से अधिक स्कूलों में DP आवेदन करने का क्या परिणाम होता है?**

उ DP आवेदन जिलों पर प्रतिबंध के अधीन नहीं है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में से दो से अधिक में आवेदन नहीं कर सकते। **माता-पिता को ध्यान देना चाहिए कि यदि वे DP के लिए भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में से दो से अधिक में आवेदन करते हैं, चाहें आवेदन SSPA e-Platform के माध्यम से या कागज़ी Application Form से जमा किए गए हैं, उनके बच्चे के DP आवेदन रद्द कर दिए जाएँगे।**

छात्र/अभिभावक द्वारा प्राप्त दो Application Form में से एक में स्कूल वरीयता के क्रम 1 और दूसरे में स्कूल वरीयता के क्रम 2 है। के स्कूल वरीयता के क्रम 1 छात्र की पहली पसंद के लिए है और स्कूल वरीयता के क्रम 2 छात्र की दूसरी पसंद के लिए है। प्रत्येक Application Form में मौजूद अद्वितीय आवेदन संख्या के आधार पर, EDB प्रत्येक छात्र के पहले और दूसरे विकल्प का पता लगाएगा (पेपर Application Form और SSPA e-Platform पर स्कूल वरीयता के समान क्रम में किये गए आवेदनों की आवेदन संख्या समान होती है)।

**माता-पिता को एक ही बच्चे के लिए SSPA e-Platform और कागजी Application Form के माध्यम से डुप्लिकेट आवेदन जमा नहीं करना चाहिए।** यदि माता-पिता ने डुप्लिकेट आवेदन जमा किए हैं (अर्थात एक ही आवेदन संख्या वाले आवेदन पत्र एक ही सेकेंडरी स्कूल में SSPA e-Platform और पेपर फॉर्म दोनों के माध्यम से जमा किए गए हैं), तो इन आवेदनों को केवल एक आवेदन माना जाएगा। इसलिए, डुप्लिकेट आवेदनों से स्कूल को आवंटित होने की संभावना नहीं बढ़ेगी। कृपया ध्यान दें कि माता-पिता को एक ही आवेदन संख्या वाले आवेदन पत्र अलग-अलग सेकेंडरी स्कूलों में क्रमशः SSPA e-Platform और कागजी फार्म के माध्यम से जमा नहीं करना चाहिए। **अन्यथा, उनके बच्चे के DP आवेदन रद्द कर दिए जायेंगे।**

**(4) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में दो से अधिक में आवेदन नहीं करने के अलावा, माता-पिता को अपने बच्चों के लिए DP आवेदन करते समय क्या ध्यान में रखने की आवश्यकता होती है?**

उ DP आवेदन में सफल होने वाले छात्रों को केंद्रीय आवंटन (CA) में स्कूल स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा। इसलिए अभिभावकों को अपनी पसंद के स्कूलों में आवेदन करना चाहिए। माता-पिता को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि, इस बात की परवाह किए बिना कि आवेदन SSPA e-Platform या कागजी Application Form के माध्यम से, **एक बार जमा किए गए आवेदनों को पुनः प्राप्त या रद्द नहीं किया जा सकता है, और स्कूल की तरजीह के क्रम में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है।** इसलिए, माता-पिता को आवेदन जमा करने से पहले बहुत सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए ताकि एक उपयुक्त विकल्प बनाया जा सके।

**(5) प्र जब माता-पिता अपने बच्चों के लिए स्कूल चुन रहें हों तो क्या ध्यान में रखा जाना चाहिए?**

उ माता-पिता को एक स्कूल के सभी पहलुओं, जैसे कि उसके शैक्षिक तत्त्वज्ञान, परंपरा, धर्म, वर्ग संरचना, विकास और संचालन, और अपने बच्चों की विशेषताओं, चरित्र, योग्यताओं और रुचिओं पर विचार करना चाहिए ताकि एक उपयुक्त स्कूल विकल्प बनाया जा सके।

स्कूल अपने शैक्षिक तत्त्वज्ञान और विशेषताओं के अनुसार अपनी प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश मापदंड और वेट्ज के बारे में निर्णय ले सकते हैं। स्कूल द्वारा अपनाए गए प्रवेश मापदंड और मूल्यांकन उचित, न्यायसंगत, खुले और शैक्षिक रूप से सही होने चाहिए, और DP आवेदन अवधि से पहले सार्वजनिक किए जाने चाहिए, जैसे स्कूल के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किए गए, स्कूल के होमपेज में अपलोड किए जाएं, Secondary School Profile में प्रकाशित करना या प्रत्येक आवेदक को लिखित रूप में सूचित करना। स्कूल साक्षात्कार की व्यवस्था कर सकते हैं, लेकिन किसी भी रूप में लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जानी चाहिए।

माता-पिता दिसंबर 2025 की शुरुआत में होम-स्कूल सहयोग समिति द्वारा वितरित Secondary School Profiles की सहायता ले सकते हैं, या स्कूल के नवीनतम विकास के लिए Secondary School Profiles होमपेज और स्कूल के होमपेज पर जा सकते हैं।

**(6) प्र चूंकि सेकेंडरी स्कूलों को प्रवेश के उद्देश्य से किसी भी रूप में लिखित परीक्षा आयोजित करने की अनुमति नहीं है, वे आवेदकों के प्रदर्शन का आकलन कैसे कर सकते हैं?**

उ आवेदन का मूल्यांकन स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रवेश मापदंडों और वेट्ज के आधार पर किया जाएगा, जैसे छात्रों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक प्रदर्शन। प्रवेश के लिए उपयुक्त छात्रों का चयन करने के लिए कुछ स्कूल आवेदकों की योग्यता, रुचि और क्षमता को समझने के लिए साक्षात्कार का भी उपयोग करेंगे।

**(7) प्र DP आवेदन करते समय, आवेदन करने वाले सेकेंडरी स्कूल में कौन से दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होती है?**

उ यदि माता-पिता को स्कूल वरीयता के क्रम में पसंदीदा सेकेंडरी स्कूल चुनने पर SSPA e-Platform के माध्यम से DP आवेदन जमा किया है (स्कूल वरीयता के क्रम 1 या स्कूल वरीयता के क्रम 2), तो उन्हें पहले छात्र के पहचान दस्तावेज अपलोड करने होंगे, फिर दस्तावेज अपलोड करने होंगे सेकेंडरी स्कूल द्वारा दस्तावेज़ श्रेणी (उदाहरण के लिए, पूर्ण स्कूल-आधारित आवेदन पत्र, रिपोर्ट कार्ड की प्रतियां और प्रमाण पत्र और पुरस्कारों के रिकॉर्ड) के आधार पर संबंधित फ़ोल्डरों की आवश्यकता होती है, और आवेदन पूरा करने के लिए "iAM Smart+" के साथ डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करने होंगें। **जिन माता-पिता ने SSPA e-Platform के माध्यम से अपने DP आवेदन जमा किये हैं, उन्हें सेकेंडरी स्कूलों में <u>Application Form for Secondary One Discretionary Place दोबारा जमा नहीं करना चाहिए।</u>**

कागजी रूप में आवेदन जमा करने वाले माता-पिता के लिए, प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों में सेकेंडरी वन स्वैच्छिक स्थान के लिए आवेदन पत्र और संबंधित स्कूल द्वारा आवश्यक दस्तावेज शामिल होने चाहिए, जैसे छात्रों का स्कूल रिपोर्ट कार्ड, पुरस्कार या इनाम का रिकार्ड, और पढाई के इलावा की जाने वाली गतिविधियों और सामुदायिक सेवा के प्रमाण

पत्र या रिकॉर्ड। तत्काल उपलब्ध न हो पाने वाली जानकारी, जैसे प्राथमिक स्कूलों के अनुशंसा पत्रों के साथ-साथ व्यक्तिगत विषयों में छात्रों के स्कोर या पदों के क्रम को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

**(8) प्र यदि एक छात्र ने दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में आवेदन किया है और वो उन दोनों द्वारा स्वीकार किया जाता है, तो DP आवंटित करने के लिए क्या मापदंड हैं?**

उ प्रत्येक Application Form के अद्वितीय आवेदन संख्या के आधार पर, EDB प्रत्येक छात्र के पहले और दूसरे विकल्प का पता लगाएगा (कागज़ी Application Form और SSPA e-Platform के माध्यम से जमा किए गए आवेदन समान स्कूल तरजीह के क्रम के साथ आवेदन के लिए एक ही आवेदन संख्या रखता है)। EDB तब स्कूलों की सफल/आरक्षित स्वैच्छिक स्थानों की सूचियों के साथ छात्रों की प्राथमिकताओं का मिलान करेगा। यदि कोई छात्र/छात्रा उन दोनों स्कूलों में सफल होता है, जहां वह आवेदन करता है, तो आवंटन छात्र की तरजीह के क्रम पर आधारित होगा। दूसरे शब्दों में, छात्र को उसके/उसकी पहली पसंद के अनुसार आवंटित किया जाएगा।

यदि माता-पिता ने एक सेकेंडरी स्कूल में आवेदन किया है जो अंततः इस आवंटन चक्र में SSPA प्रणाली के तहत S1 स्थानों की पेशकश नहीं करेगा, तो उस आवेदन पर कार्य नहीं किया जाएगा।

**(9) प्र दो से अधिक भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में आवेदन न करने के अलावा, क्या छात्र एक ही समय में Jockey Club Ti-I College में आवेदन कर सकते हैं?**

उ हाँ वह कर सकते हैं। Jockey Club Ti-I College में S1 में प्रवेश के लिए आवेदन की अवधि 2 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक है। यदि छात्र Jockey Club Ti-I College में अपने आवेदन में सफल होते हैं, तो उन्हें SSPA सिस्टम के तहत CA में DP या जगह आवंटित नहीं की जाएगी। यदि वे अपने आवेदन में असफल होते हैं, तब उन्हें SSPA प्रणाली के माध्यम से S1 स्थान आवंटित किया जा सकता है।

**(10) प्र क्या छात्र उसी समय SSPA (NDSS सैकंडरी स्कूलों) में भाग नहीं लेने वाले डायरेक्ट सब्सिडी स्कीम सेकेंडरी स्कूलों में भी आवेदन कर सकते हैं?**

उ हाँ वह कर सकते हैं। चूंकि NDSS सैकंडरी स्कूलों की संख्या की कोई सीमा नहीं है, जिन के लिए एक छात्र आवेदन कर सकता है, इसलिए उस छात्र/छात्रा को कई NDSS सैकंडरी स्कूलों द्वारा स्वीकार किया जा सकता है। हालांकि, बशर्ते माता-पिता ने प्रस्ताव देने वाले स्कूलों में से एक को हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राथमिक 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म की मूल जमा कर दी हो, यह NDSS सैकंडरी स्कूलों द्वारा प्रस्तावित S1 स्थान की स्वीकृति की पुष्टि और किसी भी अन्य सब्सिडी वाले S1 स्थानों (भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों और Jockey Club Ti-I College के S1 स्थानों सहित) को छोड़ने के समझौते के रूप में काम करेगी। स्कूल अप्रैल 2026 के अंत तक माता-पिता के फैसले के बारे में EDB को सूचित करेगा। NDSS सैकंडरी स्कूलों से प्रतिभागी छात्रों की सफल सूची प्राप्त होने पर, EDB, SSPA प्रणाली के माध्यम से अन्य सेकेंडरी स्कूलों को सूची में छात्रों को आवंटित नहीं करेगा।

## सफल DP आवेदकों को सूचित करने की व्यवस्था (अधिसूचना व्यवस्था)

**(11) प्र SSPA प्रणाली के तहत सफल DP प्राप्त आवेदकों (अधिसूचना व्यवस्था) को अधिसूचित करने के लिए क्या व्यवस्थाएं है?**

उ SSPA 2020 से शुरू होकर, सभी भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों (Jockey Club Ti-I College सहित) को, DP आवेदनों पर कार्रवाई पूरी कर लेने के बाद, केंद्रीय आवंटन CA[2] से पहले एक निर्दिष्ट तिथि पर लिखित में (जैसे कि पत्र या ईमेल द्वारा) और फोन द्वारा स्वैच्छिक स्थानों के लिए सफल सूचियों में शामिल आवेदकों के माता-पिता को सूचित करना होगा। स्कूलों को माता-पिता को अधिसूचना व्यवस्था के बारे में अच्छी तरह से सूचित रखने और पहले से आवश्यक संपर्क जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता होती है। इस SSPA चक्र के लिए खास तिथि 31 मार्च 2026 है। SSPA e-Platform के उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत माता-पिता के लिए, वे उसी दिन सुबह 10 बजे से SSPA e-Platform के माध्यम से सफल DP आवेदकों के लिए सूचनाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। ये अधिसूचना व्यवस्था आरक्षित और असफल आवेदकों पर लागू नहीं होती है, न ही अधिसूचनाएँ आवंटन परिणाम हैं। संबंधित अभिभावकों को नोटिफिकेशन का जवाब देने की जरूरत नहीं है। जिन अभिभावकों को सफल आवेदनों के भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से अधिसूचनाएं मिली हैं, उन्हें अप्रैल 2026 में शुरू होने वाले CA चरण में स्कूलों के विकल्पों के फार्म (Choice Form) पर स्कूल विकल्पों के भाग को भरने की आवश्यकता नहीं है।

उपरोक्त अधिसूचना व्यवस्था प्रशासनिक उपाय हैं। मौजूदा SSPA तंत्र और प्रक्रियाएं अपरिवर्तित रहती हैं। इस SSPA चक्र के सभी छात्रों को 7 जुलाई 2026 को SSPA आवंटन परिणाम (DP और CA चरणों में परिणाम सहित) प्राप्त होंगे।

यदि छात्र प्राइमरी स्कूलों में पढ़ रहे हैं जो SSPA प्रणाली में भाग नहीं ले रहे हैं और उन्हें DP चरण में स्कूल की जगह के साथ आवंटित किया गया है, तो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूल या Jockey Club Ti-I College वाले माता-पिता को आधिकारिक DP परिणामों और संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में सूचित करने के लिए 7 जुलाई 2026 (यानी आवंटन परिणामों की घोषणा की तारीख) को फोन करेंगे। यदि आवश्यक हो, तो माता-पिता 7 जुलाई 2026 को उन सेकेंडरी स्कूलों से भी संपर्क कर सकते हैं, जिनके लिए उन्होंने आवेदन किया है।

**(12) प्र यदि छात्रों ने दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में DP आवेदन जमा किए हैं, तो क्या उन्हें क्रमशः दोनों स्कूलों द्वारा सफल आवेदकों के रूप में अधिसूचित किया जाएगा ?**

उ उन व्यक्तिगत छात्रों के लिए जिन्होंने दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में DP आवेदन जमा किए हैं और दोनों आवेदनों में सफल रहे हैं, उनके माता-पिता को क्रमशः दोनों भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से सूचनाएं प्राप्त होंगी। संबंधित छात्रों को मौजूदा SSPA तंत्र के अनुसार उनकी पहली पसंद के स्कूलों में आवंटित किया जाएगा।

[2] सफल स्वैच्छिक स्थान आवेदकों को सूचित करने के लिए व्यवस्था और नमूना समाचार पत्र के विवरण के लिए कृपया EDB परिपत्र संख्या 18/2019 देखें।

**(13) प्र अधिसूचना व्यवस्था के तहत, क्या आरक्षित और असफल आवेदकों को उनके आवेदन परिणामों के बारे में भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा?**

उ अधिसूचना व्यवस्था के तहत, भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों को केवल सफल आवेदकों को उनके स्वैच्छिक स्थानों के लिए स्कूलों की सफल सूची में शामिल करने के बारे में सूचित करना आवश्यक है। अनावश्यक गलतफहमी से बचने के लिए स्कूलों को अपने DP आवेदन परिणामों के आरक्षित और असफल आवेदकों को सूचित करने की अनुमति नहीं है।

**(14) प्र कब आरक्षित आवेदकों को भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा सूचित किया जाएगा कि उन्हें DP के साथ आवंटित किया गया है?**

उ अधिसूचना व्यवस्था आरक्षित और असफल आवेदकों पर लागू नहीं होती है। इस SSPA चक्र में सभी छात्रों (आरक्षित आवेदकों सहित) को 7 जुलाई 2026 को EDB से आधिकारिक आवंटन परिणाम प्राप्त होंगे।

**(15) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से सूचनाएं प्राप्त करने के बाद, क्या संबंधित माता-पिता को अपने स्कूल की तरजीह के क्रम का खुलासा करना होगा और प्रस्तावित DP की पेशकश पर उनकी स्वीकृति की पुष्टि करनी होगी?**

उ मौजूदा SSPA प्रणाली के अनुसार, माता-पिता को अपने स्कूल तरजीह के क्रम का खुलासा उन स्कूलों के सामने नहीं करना होता है, जिनके लिए उन्होंने आवेदन किया हो। अधिसूचना व्यवस्था के तहत भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों के द्वारा अभिभावकों को प्राप्त सूचना आवंटन परिणाम की आधिकारिक रिलीज नहीं होती है। इसलिए, माता-पिता को संबंधित स्कूलों को अपने स्कूल तरजीह के क्रम का खुलासा नहीं करना है, और न ही अपने बच्चों के सफल DP आवेदनों की अधिसूचना प्राप्त करने के बाद दी गई DP की स्वीकृति की पुष्टि करनी है।

**(16) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से सफल DP आवेदकों के रूप में सूचनाएं प्राप्त करने के बाद, क्या माता-पिता अपने बच्चों के लिए अपने स्कूल की तरजीह के क्रम को बदल सकते हैं?**

उ मौजूदा SSPA कार्य-प्रणाली के अनुसार, इस बात की परवाह किए बिना कि आवेदन SSPA e-Platform या कागजी Application form के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने के बाद, **आवेदन पत्र को पुनः प्राप्त या रद्द नहीं किया जा सकता है, और स्कूल तरजीह के क्रम में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है।** इसलिए, भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से अपने बच्चों के सफल DP आवेदनों की अधिसूचना प्राप्त करने के बाद माता-पिता को स्कूल की तरजीह के क्रम को बदलने की अनुमति नहीं है।

**(17) प्र क्या भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूल माता-पिता से उनके बच्चों के स्कूल की तरजीह के क्रम के बारे में पूछ सकते हैं?**

उ मौजूदा SSPA सिस्टम के तहत, माता-पिता जो अपने बच्चों के लिए DP के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें संबंधित स्कूलों की तरजीह के क्रम का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। अधिसूचना व्यवस्था के तहत मौजूदा SSPA तंत्र अपरिवर्तित रहता है। इसलिए, भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों को संबंधित जानकारी के बारे में माता-पिता से पूछताछ नहीं करनी चाहिए।

**(18) प्र उन माता-पिता के लिए जिन्हें अपने बच्चों के सफल DP आवेदनों में भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, क्या वे DP को सरेंडर कर सकते हैं और CA में भाग लेने के लिए Choice Form भर सकते हैं?**

उ मौजूदा SSPA तंत्र के तहत, DP के साथ आवंटित सभी छात्रों को CA स्तर पर अन्य स्कूल स्थान आवंटित नहीं किए जाएंगे। इसलिए, सफल DP आवेदकों के माता-पिता को Choice Form पर स्कूल का चुनाव करने की आवश्यकता नहीं है। भले ही उन्होंने अप्रैल 2026 में शुरू होने वाले CA चरण में Choice Form पर स्कूल का विकल्प चुना हो, फिर भी उनके बच्चों को मौजूदा तंत्र के अनुसार DP चरण में सफलतापूर्वक आवेदन किए सेकेंडरी स्कूलों में ही आवंटित किया जाएगा।

**(19) प्र क्या अधिसूचना व्यवस्था DP परिणामों की आधिकारिक रिलीज़ के समान है? भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से सफल DP आवेदकों के रूप में सूचनाएं प्राप्त करने के बाद, क्या माता-पिता को संबंधित स्कूलों के साथ पंजीकरण प्रक्रियाओं को एक बार में पूरा करना आवश्यक है?**

उ प्रशासनिक उपायों के रूप में अधिसूचना व्यवस्था अंतिम आवंटन परिणामों की रिलीज़ के समान नहीं है। मौजूदा SSPA तंत्र और प्रक्रियाएं अपरिवर्तित रहते हैं। इस SSPA चक्र में सभी छात्रों को जुलाई 2026 में हमेशा की तरह SSPA आवंटन परिणाम (DP और CA चरणों में परिणाम सहित) प्राप्त होंगे।

चूंकि भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से अभिभावकों को अधिसूचनाएं आवंटन परिणामों की आधिकारिक रिलीज नहीं हैं, इसलिए माता-पिता को संबंधित स्कूलों के साथ पंजीकरण प्रक्रियाओं को एक बार में पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। 7 जुलाई 2026 को SSPA परिणामों की आधिकारिक रिलीज के बाद माता-पिता आवंटन पर्ची और प्रवेश पर्ची प्राप्त करेंगे। तब तक, माता-पिता को एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर आवंटित सेकेंडरी स्कूलों के साथ पंजीकरण प्रक्रियाओं को पूरा करने की आवश्यकता होती है (यानी 9 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक)

**(20) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों को क्या ध्यान देने की आवश्यकता है जब वे खास तिथि पर लिखित में और फोन द्वारा सफल DP आवेदकों के माता-पिता को सूचित करते हैं?**

उ माता-पिता से DP आवेदन प्राप्त करते समय (विशेष रूप से माता-पिता के लिए जो हांगकांग के बाहर रह रहे हैं/काम कर रहे हैं), स्कूलों को उन्हें नियत समय में संपर्क जानकारी अपडेट करने के लिए याद दिलाना चाहिए। माता-पिता को खास तिथि पर लिखित में (जैसे कि पत्र या ईमेल द्वारा) और फोन द्वारा सफल DP आवेदकों को सूचित करने की व्यवस्था के बारे में भी अच्छी तरह से जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त , **स्कूलों को उचित व्यवस्था भी करनी चाहिए, जिसमें निश्चित तिथि पर (और उससे पहले नहीं) मेल या ईमेल भेजने के लिए आवश्यक समय आरक्षित करना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सफल आवेदकों के माता-पिता को खास तिथि पर स्कूलों की स्वैच्छिक स्थानों के लिए सफल सूचियों में अपने बच्चों के शामिल होने की लिखित अधिसूचना प्राप्त हो , संबंधित माता-पिता को निश्चित तिथि पर (और उससे पहले नहीं), फोन कॉल करने का समय निर्धारित करना, साथ ही उन मामलों में व्यवस्था तैयार करना, जिन में माता-पिता से खास तिथि पर संपर्क नहीं किया जा सकता है, इत्यादि**।

**(21) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों को माता-पिता द्वारा की जाने वाली फोन पूछताछ को कैसे संभालना चाहिए कि उनके बच्चे स्कूलों के सफल DP आवेदक हैं या नहीं?**

उ फोन पर कॉलर की पहचान को सत्यापित करने में कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, स्कूलों को सिफारिश की जाती है कि वे व्यक्तिगत डेटा (गोपनीयता) अध्यादेश का उल्लंघन न करने के लिए, इस तरह की पूछताछ प्राप्त करते समय व्यक्तिगत सफल DP आवेदकों की जानकारी का खुलासा न करें। स्कूल माता-पिता को उन तरीकों के बारे में सूचित कर सकते हैं जिनमें सफल DP आवेदकों के माता-पिता को अधिसूचित किया जाएगा, और उन्हें याद दिलाएं कि SSPA e-Platform उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत माता-पिता भी उसी दिन SSPA e-Platform के माध्यम से सुबह 10 बजे के बाद सफल DP आवेदकों के लिए सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। यदि माता-पिता के पास अन्य पूछताछ है, तो स्कूल उन्हें अपने स्कूल-आधारित पूछताछ तंत्र के अनुसार संभाल सकते हैं।

**(22) प्र सफल DP आवेदकों के माता-पिता को लिखित रूप में और फोन द्वारा सूचित करने के अलावा, क्या सेकेंडरी स्कूल उन्हें सूचित करने के लिए अन्य साधनों का उपयोग कर सकते हैं?**

उ सफल DP आवेदकों के माता-पिता को लिखित में (जैसे कि पत्र या ईमेल द्वारा) और फोन द्वारा सूचित करने के अलावा, यदि आवश्यक हो तो स्कूल अन्य माध्यमों से भी सफल DP आवेदकों के माता-पिता को भी सूचित कर सकते हैं। फिर भी, अन्य माध्यमों से संबंधित माता-पिता को सूचित करते समय स्कूलों को व्यक्तिगत डेटा (गोपनीयता) अध्यादेश के सिद्धांतों और आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक है।

**(23) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा कुछ छात्रों को सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित किया जाता है और NDSS सैकंडरी स्कूल द्वारा S1 स्थान की पेशकश भी की जाती है। यदि वे NDSS सैकंडरी स्कूल के प्रस्ताव को अस्वीकार करने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें संबंधित NDSS सैकंडरी स्कूल से हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल को पुनः प्राप्त क्यों करना चाहिए? यदि दस्तावेजों को पुनर्प्राप्त नहीं किया जाता है, तो क्या छात्रों को अंततः संबंधित भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों को आवंटित किया जाएगा?**

उ मौजूदा तंत्र के अनुसार, सार्वजनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग के आधार पर, NDSS सैकंडरी स्कूल उन छात्रों के माता-पिता से, जो प्रस्तावित S1 स्थानों को स्वीकार करते हैं, हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम के साथ-साथ प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म की मूल प्रति पुष्टि के रूप में लेंगे और अन्य सब्सिडी वाले S1 स्थानों (भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों और Jockey Club Ti-I College के S1 स्थानों सहित) को SSPA प्रणाली के माध्यम से आवंटित करेंगे, ताकि संबंधित छात्रों को एक ही समय में दो सब्सिडी वाले सेकेंडरी स्कूल स्थानों पर कब्जा करने से रोका जा सके। अधिसूचना व्यवस्था के तहत, यदि छात्रों को भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों (Jockey Club Ti-I College सहित) द्वारा सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित किया गया है और NDSS सैकंडरी स्कूल द्वारा S1 स्थान की पेशकश भी की गई है, उन्हें यह निर्णय करना चाहिए कि अप्रैल 2026 में एक खास अवधि के भीतर NDSS सैकंडरी स्कूलों से प्रस्ताव को अस्वीकार करना है या नहीं (SSPA 2026 के लिए NDSS सेकेंडरी स्कूलों को अधिसूचना की अंतिम तिथि सामान्य परिस्थितियों में 10 अप्रैल 2026 है। यदि माता-पिता संबंधित NDSS सेकेंडरी स्कूलों को सूचित नहीं करते हैं और मौजूदा तंत्र के तहत खास अवधि के भीतर हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल को पुनः प्राप्त नहीं करते हैं, संबंधित छात्रों को अभी भी अप्रैल 2026 के अंत तक प्रस्तुत किए जाने वाले NDSS स्कूलों के प्रतिभागी छात्रों की सफल सूचियों में शामिल किया जाएगा और इस प्रकार उन्हें भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों के S1 स्थानों के साथ आवंटित नहीं किया जाएगा, जिसमें उन्हें सफल DP आवेदकों के रूप में चुना गया है।

**(24) प्र क्या NDSS सेकेंडरी स्कूल माता-पिता के उपक्रम के हस्ताक्षरित मूल और छात्र के प्राइमरी 6 रिकॉर्ड फॉर्म को पुनः प्राप्त करने के लिए माता-पिता के अनुरोधों को अस्वीकार कर सकते हैं?**

उ माता-पिता के निर्णय की पुष्टि के रूप में हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल एकत्र करने की मौजूदा व्यवस्था सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने और संबंधित छात्रों को एक ही समय में दो सब्सिडी वाले सेकेंडरी स्कूल के स्थानों पर कब्जा करने से रोकने के सिद्धांत पर आधारित है। अधिसूचना व्यवस्था के तहत, यदि सफल DP आवेदकों के माता-पिता NDSS सेकेंडरी स्कूलों से प्रस्ताव को अस्वीकार करने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें संबंधित NDSS सेकेंडरी स्कूलों को सूचित करना चाहिए और एक निश्चित अवधि के भीतर हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल को पुनः प्राप्त करना होगा SSPA 2026 के लिए NDSS सेकेंडरी स्कूलों को अधिसूचना की अंतिम तिथि सामान्य परिस्थितियों में 10 अप्रैल 2026 होगी। अभिभावकों के अनुरोध पर NDSS सेकेंडरी स्कूलों को संबंधित दस्तावेज लौटाने होंगे। एक बार हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम के मूल पुनः प्राप्त हो जाने के बाद, यह पुष्टि के रूप में काम करेगा कि माता-पिता ने NDSS सेकेंडरी स्कूलों में स्कूल स्थानों को आत्मसमर्पण कर दिया है। ऐसे में माता-पिता को निर्णय लेने से पहले विवेकपूर्ण ढंग से विचार करना चाहिए।

**(25) प्र यदि सफल DP आवेदकों के माता-पिता एक खास अवधि के भीतर NDSS सैकंडरी स्कूलों से हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल प्राप्त नहीं करते हैं, तो क्या वे बाद में संबंधित स्कूलों से इन दस्तावेजों को पुनः प्राप्त कर सकते हैं। NDSS सैकंडरी स्कूलों में स्कूल के स्थानों को आत्मसमर्पण करने के लिए?**

उ मौजूदा व्यवस्थाओं के तहत, माता-पिता NDSS सैकंडरी स्कूलों को हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम के मूल और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म प्रस्तुत करते है जिससे NDSS सैकंडरी स्कूलों के प्रस्तावों की स्वीकृति की पुष्टि की होती है और SSPA प्रणाली के माध्यम से आवंटित किए जाने वाले अन्य S1 स्थानों (भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों और Jockey Club Ti-I College के S1 स्थानों सहित) को आत्मसमर्पण किया जाता है।

अधिसूचना व्यवस्था के तहत, चूंकि कुछ छात्र सफल DP आवेदकों के रूप में भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से अधिसूचनाएं प्राप्त करने के बाद NDSS सैकंडरी स्कूलों द्वारा प्रस्तावित स्कूल स्थानों को अस्वीकार कर सकते हैं, संबंधित माता-पिता को एक खास अवधि के भीतर NDSS सैकंडरी स्कूलों से हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल को पुनः प्राप्त कर लेना चाहिए ताकि रिक्तियों को भरने के लिए उनकी प्रतीक्षा सूची के अनुसार NDSS सैकंडरी स्कूलों अन्य छात्रों को तदनुसार प्रवेश दे सकें और अप्रैल 2026 के अंत तक EDB के सामने भाग लेने वाले छात्रों की अपनी नयी सफल सूची प्रस्तुत करें। इस संबंध में, सामान्य परिस्थितियों में, सफल DP आवेदकों के माता-पिता को खास अवधि के बाद NDSS सैकंडरी स्कूलों से हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र को रिकॉर्ड फॉर्म के मूल को पुनः प्राप्त नहीं करना चाहिए।

**(26) प्र यदि माता-पिता ने NDSS सैकंडरी स्कूलों से हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम के मूल और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म को प्राप्त कर लिया है ताकि प्राप्त हुए स्कूल स्थानों के छोडने की पुष्टि की जा पाए, तो क्या वे संबंधित NDSS सैकंडरी स्कूलों से भविष्य में अपने बच्चों को फिर से प्रवेश देने का अनुरोध कर सकते हैं?**

उ यदि माता-पिता ने NDSS सैकंडरी स्कूलों से हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम और प्राइमरी 6 छात्र रिकॉर्ड फॉर्म के मूल प्राप्त किए हैं, तो यह इशारा करता है कि उन्होंने NDSS सैकंडरी स्कूलों द्वारा प्रस्तावित स्थानों को छोडने करने का निर्णय लिया है। जुलाई 2026 में SSPA परिणाम जारी होने के बाद, यदि माता-पिता संबंधित NDSS सैकंडरी स्कूलों में S1 स्थानों के लिए फिर से आवेदन करना चाहते हैं, तो स्कूल यह तय कर सकते हैं कि छात्रों को उनके स्कूल-आधारित छात्र प्रवेश तंत्र के अनुसार प्रवेश दिया जाए या नहीं।

**(27) प्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा यदि छात्रों को सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है, तो क्या इसका मतलब यह है कि उन्हें DP स्तर पर स्कूल स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा?**

उ अधिसूचना व्यवस्था के तहत, कुछ छात्रों को दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों से अपने सफल DP आवेदनों की सूचनाएं प्राप्त हो सकती हैं और अंततः उन्हें मौजूदा SSPA तंत्र के अनुसार उनकी पहली पसंद के स्कूलों को आवंटित किया जाएगा, जिससे एक स्कूल स्थान उपलब्ध रह जाएगा। इसके अलावा, कुछ सफल आवेदक उन्हें मिली DP को त्याग सकते हैं और NDSS सेकेंडरी स्कूलों द्वारा प्रस्तावित स्थानों को स्वीकार कर सकते हैं। इन सफल DP आवेदकों को आवंटित स्थानों को भी रिक्त माना जाएगा। इसलिए, कुछ छात्र जिन्हें अधिसूचित नहीं किया गया है, उन्हें आरक्षित आवेदकों की गिनती का अनुसार में DP चरण में आवेदन करने वाले स्कूलों में S1 स्थानों के साथ आवंटित किया जा सकता है।

**(28) प्र क्या माता-पिता अन्य पसंदीदा सेकेंडरी स्कूलों से संपर्क कर सकते हैं और प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, जब भाग लिए सेकेंडरी स्कूलों ने सफल DP आवेदकों को अधिसूचना जारी भी कर दी हो?**

उ मौजूदा SSPA तंत्र के तहत, स्कूलों के S1 स्थानों, पुनरावर्तक और DP कोटा काटने के बाद, CA के लिए उपयोग किया जाएगा। सेकेंडरी स्कूलों को जुलाई 2026 में आवंटन परिणाम जारी होने से पहले किसी भी संभावित अप्रयुक्त स्थानों को भरने के लिए किसी भी प्रवेश प्रक्रिया (आवेदन स्वीकार करने, छात्रों का चयन या प्रवेश करने की प्रक्रियाओं सहित) का संचालन नहीं करना चाहिए। यह माता-पिता और छात्रों पर अनुचित दबाव डालने और अनुचित स्थिति पैदा करने से बचने के लिए है। जैसे, स्कूलों के संचालन को न प्रभावित करने के लिए माता-पिता को आवंटन परिणामों से पूर्व अन्य पसंदीदा सेकेंडरी स्कूलों से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं होती है।

**(29) प्र क्या भाग लेने वाले प्राइमरी स्कूलों को अभी भी उन छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन परिणाम जमा करने की आवश्यकता होती है जिन्हें उनके आवंटन बैंड की गणना के लिए सफल DP आवेदकों के तौर पर अधिसूचित किया जा चुका है?**

उ अधिसूचना व्यवस्था के तहत, मौजूदा SSPA तंत्र अपरिवर्तित रहता है। भाग लेने वाले प्राइमरी स्कूलों को अभी भी सभी छात्रों के लिए प्राइमरी 5 के अंत में, प्राइमरी 6 के मध्य में और अंत में आंतरिक मूल्यांकन (IA) परिणाम प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है (उन लोगों सहित जो सफल DP आवेदकों के रूप में भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा अधिसूचित हैं या जो NDSS सेकेंडरी स्कूलों द्वारा भर्ती हैं)। CA चरण में, क्षेत्र / एक ही स्कूल नेट में भाग लेने वाले सभी छात्रों के स्केल किए गए अंकों को कंप्यूटर द्वारा योग्यता के क्रम में रखा जाएगा। फिर छात्रों को समान रूप से तीन क्षेत्र / नेट बैंड में विभाजित किया जाएगा, प्रत्येक में क्षेत्र / एक ही स्कूल नेट में भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या का एक तिहाई शामिल होगा। दूसरे शब्दों में, प्रत्येक बैंड में छात्रों की संख्या भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या से निर्धारित होती है। अधिसूचना व्यवस्था के तहत, सभी भाग लेने वाले छात्रों (सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित लोगों सहित) के आवंटन बैंड की गणना उनके स्केल किए गए IA परिणामों के आधार पर की जाएगी।

**(30) प्र अप्रैल 2026 की शुरुआत में EDB प्रत्येक भाग लेने वाले प्राइमरी स्कूल को सफल DP आवेदकों की अपनी संबंधित सूची क्यों प्रदान करने जा रहा है?**

उ EDB प्रत्येक भाग लेने वाले प्राइमरी स्कूल को अप्रैल 2026 की शुरुआत में सफल DP आवेदकों की अपनी संबंधित सूची प्रदान करेगा ताकि प्राइमरी स्कूलों द्वारा संबंधित माता-पिता को याद दिलाया जा सके कि उन्हें CA स्तर पर स्कूल विकल्प बनाने की आवश्यकता नहीं होती है, और CA की तैयारी में अधिसूचना प्राप्त नहीं करने वाले छात्रों को उचित सहायता प्रदान की जाएगी। संबंधित सेकेंडरी स्कूलों के नाम, DP आवेदनों में स्कूल की तरजीह के क्रम और क्या छात्रों को एक या दो सेकेंडरी स्कूलों द्वारा सफल DP आवेदकों के रूप में चुना गया है या नहीं, सूचियों में नहीं दिखाया जाएगा।

**(31) प्र क्या प्राथमिक या सेकेंडरी स्कूल जनता को सफल DP आवेदकों के रूप में भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा अधिसूचित छात्रों के अनुपात या संख्या का खुलासा कर सकते हैं?**

उ अधिसूचना व्यवस्था के तहत, व्यक्तिगत छात्रों को दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा सफल DP आवेदकों के रूप में चुना जा सकता है। उन्हें अंततः उनकी पहली पसंद के स्कूलों को आवंटित किया जाएगा और कुछ सफल आवेदक NDSS सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययन करने का विकल्प चुन सकते हैं। इसलिए, कुछ छात्र जिन्हें सफल DP आवेदकों के रूप में नहीं चुना गया है, उनके पास अभी भी आरक्षित आवेदकों की क्षमता में से DP आवंटित होने का अवसर हो सकता है। दूसरे शब्दों में, सफल DP आवेदकों के रूप में भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों द्वारा अधिसूचित छात्रों का अनुपात या संख्या अंतिम DP आवेदन परिणाम नहीं है। किसी स्कूल के स्वैच्छिक स्थानों के लिए सफल सूची में शामिल छात्रों को अंततः उस स्कूल में आवंटित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, DP चरण में सफल आवेदकों के रूप में छात्रों का चयन किया जाएगा या नहीं, यह विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है, जिसमें स्कूल चुनने के लिए माता-पिता की रणनीति, आवेदकों की संख्या, प्रवेश मानदंड और वेटेज, और स्कूल स्थानों की संख्या आदि शामिल हैं। इसलिए, भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में अपने सफल DP आवेदनों की सूचनाएं प्राप्त करने वाले छात्रों का अनुपात या संख्या संबंधित स्कूलों के शैक्षणिक स्तर या समग्र प्रदर्शन का वास्तविक संकेतक नहीं है। CA चरण में स्कूल चुनने के लिए अन्य छात्रों की रणनीतियों को प्रभावित होने से बचाने के लिए प्राथमिक या माध्यमिक विद्यालयों को संबंधित जानकारी/डेटा का खुलासा करने की अनुमति नहीं है।

स्कूल स्थान आवंटन अनुभाग
शिक्षा ब्यूरो
सितंबर 2025